पत्र सूचना शाखा
सूचना एव जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने 'उम्मीद' संस्था द्वारा राजभवन में आयोजित 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

———————

उम्मीद संस्था ने समाज सेवा के कार्यों से ''गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स'' एवं लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स जैसे सर्वमान्य प्रतिष्ठानों में नाम दर्ज कराया है

——————

लगभग 150 बच्चों व उनके अभिभावकों ने जादू का खेल, कठपुतली तथा राजभवन भ्रमण, खेलकूद एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया
— श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————————

संस्था का लक्ष्य भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों को पुनर्वासित करना है
— नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह

——————

लखनऊ : 04 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा लखनऊ नगर निगम के सहयोग से सामाजिक संस्था 'उम्मीद' द्वारा संचालित 'स्माइल' परियोजना के अन्तर्गत भिक्षावृत्ति से जुड़े हुये लोगों के पुनर्वासन हेतु राजभवन के गांधी सभागर में आयोजित 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि सामाजिक संस्था उम्मीद द्वारा संचालित स्माइल परियोजना के अन्तर्गत लखनऊ जनपद की बहुत सी ऐसी बस्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें लगभग 5 हजार परिवार के लोग भिक्षावृत्ति से जुड़े पाये गये हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद संस्था ने ऐसे परिवारों को ढूंढा है, जिनके पास घर नहीं है और जो अपने बच्चों को पढ़ाई के स्थान पर उनसे भिक्षावृत्ति कराकर जीविकोपार्जन कर रहे हैं। ऐसे परिवार शहर के चौराहों, सड़कों पर प्लास्टिक इत्यादि से अपने घर बनाकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने वक्तव्य में साबरमती नदी के किनारे बसे झुग्गी—झोपड़ियों में रहने वालों का पुनर्वासन पूर्ण पारदर्शिता से किये जाने का भी उल्लेख किया।

राज्यपाल जी ने कहा कि बेसहारा एवं भिक्षावृत्ति की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए ही केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'Support for Marginalised Individuals for Livelihood and Enterprise' (स्माइल) योजना को देश के 75 नगर निगमों में लागू किया गया है। प्रथम चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देश के 10 शहर चुनें गये हैं, जिसमें लखनऊ नगर निगम भी शामिल है। उन्होंने नगर निगम लखनऊ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लखनऊ को भिक्षामुक्त बनाने के प्रति संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्था ने अपने समाज सेवा के कार्यों से ''गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स'' एवं 'लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' जैसे सर्वमान्य प्रतिष्ठानों में नाम दर्ज कराया है।

उन्होंने कहा कि लखनऊ नगर में ऐसे 5 हजार बच्चों को संभालना, उनकी जरूरतों को पूरा करना कोई मुश्किल काम नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने टी0बी0 ग्रस्त मरीजों के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसे मरीजों को गोद लेने का पुनीत कार्य लखनऊ से ही शुरू हुआ था और धीरे–धीरे समुचित देखभाल से ये सारे मरीज निरंतर ठीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति से जुड़े ऐसे बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार रुचि के क्षेत्र में कौशल प्रदर्शित करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। राज्यपाल जी ने यह भी कहा कि यदि ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए राजभवन से मदद की अपेक्षा की जाती है, तो सूची प्रस्तुत की जाय, ताकि इस सम्बन्ध में सम्यक विचार किया जा सके और उन्होंने भविष्य में उम्मीद संस्था के कार्यालय में जाकर बच्चों से संवाद करने का भी आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उपस्थित नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 'उम्मीद' संस्था का लक्ष्य भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों को पुनर्वासित करना है। लखनऊ में ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका रेस्क्यू किया जा रहा है। राजभवन में उम्मीद संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित ऐसे ही लगभग 150 बच्चों व उनके अभिभावकों ने जादू का खेल, कठपुतली तथा राजभवन भ्रमण, खेलकूद एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया। भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत किए गये।

राज्यपाल जी द्वारा 'उम्मीद' के सामाजिक सरोकरों के सहयोगी कर्मयोगियों को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में राजीव चोपड़ा, श्री अशोक

जुनेजा, श्री संदीप सिंह आनंद, श्री सुमीत नोटानी, श्री राकेश चेत्री, श्री संजय मल्होत्रा, श्रीमती संचिता गुप्ता, श्रीमती कुमुद दिनकर, श्रीमती सुरभि श्रीवास्तव, श्री हरप्रीत सिंह अरोड़ा, श्री सुरेन्द्र कुमार जग्गी, श्री सुमित मित्तल उपस्थित थे। बच्चों में सुश्री रेशम, सुश्री करीना, सुश्री अनीता, सुश्री सविता, सुश्री दामिनी, श्री आदित्य, सुश्री सलोनी, सुश्री प्रीती, सुश्री नर्गिस, सुश्री मोहिनी, सुश्री नगमा, सुश्री प्रियंका, सुश्री माही, श्री अजीत, श्री समीर, श्री अतुल, श्री किसन आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राज्यपाल, श्रीमती कल्पना अवस्थी, विशेषकार्याधिकारी श्री पंकज जानी सहित उम्मीद संस्था की संरक्षक श्रीमती उषा अवस्थी, संस्थापक श्री बलबीर सिंह मान एवं संरक्षक अरविंदर सिंह उपस्थित थे।

चन्द्र विजय वर्मा/राजभवन (108/7)
सम्पर्क सूत्र–9044381834